




# अग्निवीर सेना भर्ती रैली, युवाओं में भारी उत्साह



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,06अगस्त।** अग्निवीर सेना भर्ती रैली के तहत आज बुधवार को भर्ती का तीसरा दिन संपन्न हुआ। इस दिन मध्यप्रदेश के दो जिलों टीकमगढ़ और भिंड से आए कुल 720 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 363 युवाओं ने दौड़ की प्रारंभिक परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी की। टीकमगढ़ से 331 और भिंड से 389 युवाओं ने मैदान में पहुँचकर पूरे जोश और अनुशासन के साथ प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने शारीरिक क्षमता और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया। सफल अभ्यर्थियों को अब अगली प्रक्रिया दक्षता परीक्षण, दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सकीय परीक्षण से गुजरना होगा। जिला प्रशासन शिवपुरी एवं सेना भर्ती कार्यालय ग्वालियर के संयुक्त समन्वय से रैली का आयोजन सुचारु रूप से किया जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया पूर्णत: निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता आधारित है। युवाओं को सलाह दी गई है कि वे किसी भी प्रकार के फर्जीवाड़े या दलालों के झांसे में न आएं।

## मिनी वृंदावन में एकादशी पर झूला उत्सव की धूम, उमड़े श्रद्धालु



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी।** सावन माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया से शुरू हुआ झूला उत्सव कोलारस नगर में भव्य रूप में मनाया जा रहा है। एकादशी के अवसर पर राधा-कृष्ण के दर्शनों के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यह उत्सव तीज से प्रारंभ होकर पूर्णमासी तक चलेगा।

नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर, धर्मशाला हनुमान मंदिर, राम जानकी मंदिर, श्री राधाकृष्ण पंचायती मंदिर सहित कई प्रमुख मंदिरों में झूला उत्सव प्रारंभ हो गया है। इन मंदिरों में रात 8 बजे से 10 बजे तक विशेष झूला दर्शन कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, जिनमें श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

मंदिरों में राधा-कृष्ण के लिए रंग-बिरंगे फूलों, चंदन और सुगंधित सामग्रियों से सजे सुंदर झूले लगाए गए हैं, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पूरे मंदिर परिसर को फूलों और गुब्बारों से सजाकर दुल्हन सा रूप दिया गया है। रोजाना मंदिर परिसरों में भक्ति संगीत, आरती और लोक भजनों की संगीतमय प्रस्तुतियाँ की जा रही हैं, जिससे समूचा नगर हरि भक्ति में डूबा हुआ है। स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं के अनुसार यह उत्सव धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है। मथुरा-वृंदावन की तर्ज पर आयोजित इस आयोजन के कारण कोलारस नगर को मिनी वृंदावन के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर समितियों द्वारा दर्शन की विशेष व्यवस्था, स्वच्छता और प्रसादी वितरण जैसे व्यापक प्रबंध किए गए हैं, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## संपूर्णता सम्मान समारोह 15 को

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित आंकाक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत आगामी 15 अगस्त को आंकाक्षा हाट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, यह कार्यक्रम निषादराज भवन में अपरान्ह 3 बजे होगा।इस कार्यक्रम के माध्यम से आंकाक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत चिन्हित संकेतको के सेचुरेंशन के उद्देश्य से गत वर्ष आयोजित किये गये संपूर्णता अभियान अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाले फ्रंटलाइन वर्करो को सम्मानित किया जायेगा। इसी प्रकार आंकाक्षा हाट का आयोजन करते हुए स्वसहायता समूहों के उत्पादो की स्टॉल लगाकर उत्पादो की ब्राडिंग की जायेगी।

## चीरा वाले ठाकुरबाबा, शंकर जी मंदिर पर शिवमहापुराण कथा में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब



**नवभारत न्यूज**
**नरवर,06अगस्त।** नरवर तहसील अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कॉडर के ग्राम कोडर में नरवर अमोल रोड पर स्थित चीरा वाले ठाकुरबाबा ,शंकर जी मंदिर पर कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन कलश यात्रा के साथ किया गया तथा आज कथा के अंतिम दिवस के अवसर पर पंडित आचार्य द्वारकाप्रसाद शास्त्रीजी कोडर वालों ने ग्रामीण क्षेत्रीय सैकड़ो भक्तों को शिव महापुराण कथा का रसपान कराते हुए कहा भगवान शंकर पार्वती के अनेकों कथाओं का श्रवण कराया तथा कथा का रसपान कराते हुए कहा कि भगवान रामेश्वर के दर्शन कर प्राणी भवसागर से पार हो जाता है बिना पैरों के चलते हैं शंकर, बिना कानों के सुनते हैं शंकर जी बगैर हाथों के करम करते है कहते हैं भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से सभी कार्य पूर्ण हो जाते हैं, ब्राह्मणों को भगवान भोलेनाथ की कथा सुनाने से यश प्राप्त होता है बगैर किसी लोभ के ब्राह्मणों को कथा का रसापान भक्तों को करना चाहिए तथा ब्राह्मण को संतोष धारण करना चाहिए, शिव महापुराण की कथा अमृत है प्रत्येक मनुष्य को एक रुद्राक्ष अवश्य धारण करना चाहिए, नरवर की ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहनों ने कथाश्रवण कर रहे रहेसभी भक्तों को एक भक्ति नियम बनाने का संकल्प दिलाया, युक्त श्रीमद् भागवत शिव महापुराण कथा का आज पूर्णाहुति, भंडारे के साथ कथा का विश्राम होगा युक्त कथा में परीक्षित श्रीमती नीलम तिवारी, पुरुषोत्तम तिवारी जी ने क्षेत्रीय भक्तों से अनुरोध किया है की पूर्णाहुति प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन बनाएं तथा युक्त शिव महापुराण का आयोजन ग्राम कोडर, थरखेड़ा, कुंडलपुर, नोथनी, घोड़ाताल आदि एक दर्जन से अधिक गांवो केभक्तों ने दान सहयोग प्रदान कर शिव महापुराण कथा का आयोजन कराया।

## आंगनवाड़ी भर्ती में रिश्वत लेते पकड़ी गई पर्यवेक्षक, सहायक सहित निलंबित

**शिवपुरी।** महिला एवं बाल विकास परियोजना नरवर के अंतर्गत सेक्टर खुदावली की पर्यवेक्षक अनीता श्रीवास्तव को लोकायुक्त संगठन ग्वालियर इकाई द्वारा 20,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। यह रिश्वत आंगनवाड़ी सहायिका की भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी थी। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर श्रीवास्तव के इस कृत्य को शासन की छवि को धूमिल करने वाला माना गया है। प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा पर्यवेक्षक अनीता श्रीवास्तव तथा परियोजना नरवर के सहायक वर्ग-3 अजय तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत की गई है। निलंबन अवधि के दौरान दोनों का मुख्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना, पिछोर, जिला शिवपुरी नियत किया गया है।

## कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा में कृषि प्रणाली को मिला बढ़ावा



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 06 अगस्त।** कृषि विज्ञान केंद्र, पिपरसमा शिवपुरी में खरीफ इंटरफेस कार्यक्रम (कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा) का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य किसानों और वैज्ञानिकों के बीच सीधे संवाद के माध्यम से फसल उत्पादन, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन आदि से संबंधित समस्याओं का समाधान करना और उन्नत तकनीकों का प्रचार-प्रसार करना रहा।

कार्यक्रम में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विभागों के तकनीकी विशेषज्ञों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं का तत्काल समाधान किया तथा उन्हें उन्नत खेती की नई विधियों, प्राकृतिक खेती के लाभ, और भूमि की उर्वरता बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी। विशेष रूप से प्राकृतिक खेती और जैविक पद्धतियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया ताकि पर्यावरणीय संतुलन बना रहे और खेती टिकाऊ बन सके। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र, पुनीत कुमार, ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि समन्वित कृषि प्रणाली अपनाकर किसान न केवल अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं, बल्कि खेती को ज्यादा सुरक्षित और लाभदायक बना सकते हैं।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एम.के. भार्गव ने जैविक खाद, जीवामृत, बीजामृत जैसे प्राकृतिक विकल्पों के उपयोग पर विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने की अपील की। प्रभारी उप परियोजना संचालक आत्मा, डॉ. किरण रावत ने आत्मा परियोजना की प्रमुख गतिविधियों एवं योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि आत्मा के माध्यम से किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण एवं नवाचारों से जोड़ा जा रहा है। कृषि उप संचालक पानसिंह करौरिया ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों से जोड़ना है, जिससे उनकी उपज और आमदनी दोनों में सुधार हो सके। विभाग हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक रघुवीर सिंह यादव, राकेश धाकड़, मुकेश गर्ग, पुरन चौहान, राहुल मौर्य सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के प्रगतिशील कृषकों ने भी अपने अनुभव साझा कर अन्य किसानों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक द्वारा सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों और किसानों का आभार प्रकट किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 06 अगस्त।** आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य, गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण ढंग से मनाने के लिए तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी के तहत बुधवार को कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह की रूपरेखा तय करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश एवं जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।

कलेक्टर श्री चौधरी ने बताया कि मुख्य जिला स्तरीय समारोह 15 अगस्त को प्रात: 9 बजे पुलिस परेड ग्राउंड, शिवपुरी में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, ध्वज को सलामी, परेड निरीक्षण, मार्च पास्ट तथा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होंगी।उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालयों में प्रात: 8 बजे तक कार्यालय प्रमुख राष्ट्रीय ध्वज फहराएं। ध्वज पर फूल अथवा अन्य सामग्री न रखें, जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया जाए तथा नियत समय पर ध्वज उतारने की व्यवस्था सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि 14 अगस्त की शाम से सभी प्रमुख सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व की इमारतों पर रोशनी की व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पेयजल, बैठक व्यवस्था, मुख्य अतिथि की आगवानी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा मेडिकल टीम की व्यवस्था समय पर पूर्ण कर ली जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भारतीय सभ्यता, संस्कृति एवं देशभक्ति की भावना पर बल दिया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पोस्ट ऑफिस में सर्वर बंद, परेशान हो रही बहनें

**श्योपुर।** शहर का मुख्य पोस्ट आफिस बदहाली का शिकार हो रहा है, रक्षा बंधन का पर्व 3 दिन बाद है लेकिन रजिस्ट्री डाक और स्पीड पोस्ट की सेवाऐं मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक बंद रही क्योंकि यहां सर्वर ही नहीं आ रहा, इस समस्या से बीते चार दिनो से अपने भाईयों को राखी भेजने वाली बहनो को जूझना पड़ रहा है, यहां आने के बाद उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा हैं। वहीं सर्वर नहीं होने से लेन-देन भी प्रभावित हो रहा हैं। मौके पर पहुंचकर जब राखी पोस्ट करने आई बहन ममता मित्तल से बात की तो उन्होंने बताया कि वे बीते चार दिनो से पोस्ट ऑफिस का चक्कर काट रही हैं, लेकिन वे राखी स्पीड पोस्ट नहीं कर पा रही क्योंकि उन्हें अपने भाई को दिल्ली राखी भेजना था।

### डीईओ ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

श्योपुर । कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल गर्ग द्वारा विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए बीईओ एवं संकुल प्राचार्यो को दिशा-निर्देश दिये गये। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित उक्त बैठक के दौरान लंबित पेंशन प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन, छात्रवृत्ति योजना, अपार आईडी की प्रगति, निशुल्क साईकिल वितरण योजना, पाठ्यपुस्तक वितरण, पदोन्नति तथा एक पेड मॉ के नाम अभियान की समीक्षा की गई।

## जाटव ने संभाला सीएमओ का प्रभार, धाकड़ के अवकाश पर रहने पर दी जिम्मेदारी

नवभारत न्यूज
शिवपुरी। नगर पालिका शिवपुरी में कार्यरत मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) इशांक धाकड़ के चिकित्सा अवकाश पर जाने के कारण अब महेशचंद्र जाटव ने प्रभारी सीएमओ का कार्यभार संभाल लिया है। विभाग ने त्वरित निर्णय लेते हुए महेशचंद्र जाटव को शिवपुरी नगर पालिका की अस्थायी बागडोर सौंपी है। यह नियुक्ति 3 अगस्त से 20 अगस्त तक प्रभावी रहेगी, जब तक कि मूल सीएमओ इशांक धाकड़ स्वास्थ्य लाभ लेकर पुन: कार्यभार नहीं संभालते। प्रभारी नियुक्ति संबंधी आदेश संभागीय संयुक्त संचालक सविता प्रधान गौड़ द्वारा जारी किया गया है। नव नियुक्त प्रभारी सीएमओ महेशचंद्र जाटव वर्तमान में नगर परिषद भितरवार में प्रभारी सीएमओ के रूप में पदस्थ हैं, साथ ही वे संयुक्त संचालक कार्यालय, ग्वालियर से भी संबद्ध हैं। अब उनके सामने शिवपुरी जैसे संवेदनशील और तेजी से विकसित हो रहे नगर की प्रशासनिक जरूरतों को समयबद्ध रूप से पूरा करने की बड़ी चुनौती है। शहरवासी आशा जता रहे हैं कि यह बदलाव नगर के विकास में नई गति लाएगा तथा लंबे समय से लंबित कार्यों को दिशा मिलेगी। यह उल्लेखनीय है कि महेशचंद्र जाटव पूर्व में कोलारस और बैराड़ नगर परिषदों में भी सीएमओ के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जहां उनके कार्यकाल को सफल और प्रभावशाली माना गया।

## कांकर गांव में हुआ पौधारोपण, जन जागरूकता का दिया संदेश




**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 06 अगस्त।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड शिवपुरी के अंतर्गत सतनबाड़ा सेक्टर के ग्राम कांकर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक शिशुपाल सिंह जादौन, नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कांकर के अध्यक्ष चंदन सिंह धाकड़ एवं ब्लॉक समन्वयक आईसीसीओए राकेश शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड समन्वयक शिशुपाल सिंह जादौन ने बताया कि यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। इसके अंतर्गत जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियों और नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही आगामी हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता हेतु भी ग्रामीणों से जुड़ने का आह्वान किया गया। नवांकुर संस्था प्रमुख चंदन सिंह धाकड़ ने बताया कि संतनबाड़ा सेक्टर की सभी प्रस्फुटन समितियों द्वारा गांव-गांव में पौधारोपण किया जा रहा है, जिससे न केवल पर्यावरण का संरक्षण हो, बल्कि सामाजिक सहभागिता भी बढ़े। इस अवसर पर ग्रामीणों और समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण कर अभियान को सार्थक किया। कार्यक्रम में रामनरेश रावत, दया ओझा, डबोले कुशवाह, अरविंद धाकड़, योगेंद्र पाठक, वासुदेव धाकड़, हरि ओझा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## कुल्हाड़ी से हमला करने वाले पांच आरोपियों को सजा

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,06अगस्त।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, खनियाधाना ने शंकरपुर (थाना बामोरकला) के पांच आरोपियों को खेत में हमला और मारपीट करने के मामले में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

दोषियों में शंकर सिंह यादव (30), चंद्रभान सिंह यादव (28), अर्चना यादव (34), जयपाल यादव (31) और हरीराम सिंह यादव (56) शामिल हैं। सभी को धारा 324/34 भादंवि के तहत एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 जुर्माना तथा धारा 323/34 के तहत छह माह का सश्रम कारावास एवं 500 जुर्माने की सजा दी गई ।यह घटना 25 दिसंबर 2021 की दोपहर करीब 2 बजे की है, जब फरियादी अपने खेत में गेहूं की फसल को पानी दे रहा था। इसी दौरान जयपाल यादव गीले खेत से निकलने लगा, जिसे फरियादी ने रोका। इस पर जयपाल ने गाली-गलौज की और चंद्रभान के साथ मिलकर फरियादी को जमीन पर पटक दिया। शंकर सिंह ने कुल्हाड़ी से फरियादी की दाहिनी पिंडली पर दो वार किए, जबकि हरीराम ने भी कुल्हाड़ी से हमला किया, लेकिन फरियादी ने उसे रोक लिया, जिससे उसके अंगूठे पर चोट आई। चंद्रभान ने लाठी से कमर और पीठ पर वार किया। फरियादी की बहन को बचाने पहुंचने पर अर्चना यादव ने उसकी बाईं जांघ पर लाठी मारी। फरियादी की मां रैनाबाई और बृजेश ने बीच-बचाव किया। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

### न्यायालय में चली सुनवाई

इस संबंध में थाना बामोरकला में अपराध क्रमांक 243/21 अंतर्गत धारा 324, 323, 294, 506/34 भादंवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कल्याण सिंह द्वारा सशक्त पैरवी की गई, जिसके आधार पर अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## गर्भवती महिलाओं की सतत् रूप से देखभाल सुनिश्चित करें




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,06अगस्त ।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में मातृ मृत्युदर पर आयोजित समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत अतेंद्र सिंह गुर्जर ने निर्देश दिये कि आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की सतत् रूप से देखभाल एवं मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाये और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा समय-समय पर प्रसव पूर्व जांच एवं टीकाकरण करने की प्रक्रिया गंभीरता के साथ की जायें। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्व से ही एएनसी प्रोग्राम संचालित है, जिसमें प्रसव पूर्व जांच के साथ ही गर्भवती महिलाओं का डाटाबेस पोर्टल पर दर्ज किया जाता है। उन्होने कहा कि प्रसव पूर्व जांच में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं पर विशेष स्वास्थ्य निगरानी रखी जायें। इसके लिए अस्पतालों में बर्थ वेटिंग कक्ष भी बनाये गये है।

इस अवसर पर डॉ जेएन सक्सैना ने जानकारी दी कि मातृ मृत्युदर को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से कई कदम उठाये गये है, महिलाओं के गर्भधारण के साथ ही प्रथम तीन माह में उनका पंजीयन एएनसी पोर्टल पर कर निगरानी रखी जाती है एवं आशा तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है, इसके अलावा सामुदायिक स्तर पर वरिष्ठ महिला स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा शिविर लगाकर प्रसव पूर्व जांच के साथ ही सोनोग्राफी की जाती है। हाईरिस्क महिलाओं को चिन्हांकन किया जाता है एवं डिलेवरी से पूर्व उन्हें संस्थागत प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। वर्तमान में इन प्रयासों के चलते मातृ मृत्युदर न्यूनतम हो गई है। उन्होने बताया कि एनीमिया मुक्त भारत अभियान अंतर्गत किशोरी युवतियों एवं महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच कर उन्हें आयरन डोज दिये जा रहे है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण

**श्योपुर ।** पीएमश्री शासकीय एकीकृत हाईस्कूल बुखारी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों ने विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। विद्यालय परिवार के सहयोग से कुल 61 छायादार एवं शोभाकारी पौधों का रोपण किया गया। हर एक पौधा माँ की ममता, संरक्षण और जीवनदायिनी भूमिका को समर्पित करते हुए लगाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों द्वारा एक पेड मॉ के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण करते हुए पौधो की सुरक्षा एवं देखभाल करने का संकल्प लिया गया।

## जेल में बंदियों को दी कानूनी जानकारी




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,06अगस्त।** प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिविसेप्रा लीलाधर सोलंकी के मार्गदर्शन में आज जिला जेल श्योपुर में नालसा व सालसा की योजनाओं के प्रति जागरूकता हेतु निरीक्षण सह विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर के दौरान बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकरण 1987 के तहत नि:शुल्क विधिक सहायता, माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा एसएमडब्ल्यूपी (सीआरएल) में पारित आदेश दिनांक 29.11.2022 एवं 31.01.2023 के अंतर्गत जमानत संबंधी नियम के बारे में बताया व विधिक सेवा प्राधिकरण 1987 के तहत नि:शुल्क विधिक सहायता, बंदियों की पेशी, प्लीबार्गेनिंग, पैरोल का अधिकार के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी के साथ ही जिला जेल के बेरिक कक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेसिंग कक्ष, पाक शाला लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण भी किया गया। उक्त शिविर के दौरान मनदीप कौर सेहमी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, पूर्वी राय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, परवेज आलम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, योगेश बंसल, जिला विधिक सहायता अधिकारी, प्रभात कुमार जेल अधीक्षक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर के कर्मचारीगण सहित जेल स्टाफ व बंदीगण उपस्थित रहे।

### रक्षा बंधन पर बंदियो से जेल में होगी खुली मुलाकात

श्योपुर। रक्षाबंधन के अवसर पर जिला जेल श्योपुर में खुली मुलाकात के संबंध में निर्देश जारी किये गये है। जिसके तहत जेल में निरूद्ध बंदियो को राखी बांधने के लिए आने वाली महिलाओं को उनका पालन करना आवश्यक है। जेल अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर जिला जेल श्योपुर में खुली मुलाकात के निर्देश प्राप्त हुए है। इस क्रम में बंदियो से मुलाकात कर राखी बांधने के लिए उनके परिवार की केवल महिला सदस्यों एवं 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ही प्रवेश दिया जायेगा। खुली मुलाकात का समय रक्षाबंधन 9 अगस्त को प्रात: 8.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। राखी बांधने के लिए अधिकतम समय 10 मिनिट निर्धारित किया गया है। बंदियो के परिजन पहचान के लिए आधार कार्ड, राशनकार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्रायविंग लाइसेंस, पेनकार्ड आदि में से कोई भी एक दस्तावेज लेकर आयेगे। बंदियो से मुलाकात के दौरान केवल मिठाई गजक, सोनपपडी 250 ग्राम तक की मात्रा में अंदर ले जाने की अनुमति दी जायेगी। जेल प्रशासन द्वारा पूजा की थाल उपलब्ध कराई जायेगी।